भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 4167

गुरुवार, 18 जुलाई, 2019/27 आषाढ़, 1941 (शक)

एन.एच.-31 पर मरम्मत कार्य

4167. श्रीमती अन्नपुर्णा देवीः

क्या **सड़क परिवहन और राजमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार बरही और रजौली के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-31 की जीर्णशीर्ण स्थिति से अवगत है; और

(ख) यदि हां, तो विगत दो वर्षो और चालू वर्ष के दौरान उक्त खंड की मरम्मत करने के लिए किए गए कार्यों का ब्यौरा क्या है और इस पर कितना व्यय किया गया है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख): जी, हां। बरही-रजौली खंड के मरम्मत कार्य के लिए वर्ष 2017-18 में 63.46 लाख रुपये और वर्ष 2018-19 में 108.92 लाख रुपये का व्यय किया गया है। इसके अलावा 276.17 करोड़ रुपये राशि का रारा-31 के बरही-कोडरमा खंड को 4-लेन बनाने का काम नियत तिथि से पूरा करने की दो वर्ष की निर्धारित अवधि के साथ सौंप दिया गया है। इसके अतिरिक्त रारा-31 के कोडरमा-रजौली खंड को 4-लेन बनाने के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट का काम भी शुरू कर दिया गया है।

*****